हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

तेरहवां सत्र

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

वीरवार, 19 नवम्बर, 2026/28, कार्तिक, 1948 (शक्)

[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री].

कुल प्रश्न - 19

रिक्त पद

1998 **श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में बिलासपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत जल शक्ति विभाग में कुल कितना फील्ड स्टाफ कार्यरत है; और

(ख) क्या सरकार इस विभाग में रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें?

खेल कोटा

1999 **श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर):**

क्या **आयुष मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01.11.2026 तक तीन प्रतिशत खेल कोटे के तहत विभिन्न विभागों से कितने

पदों के मांग-पत्र प्राप्त हुए तथा इनमें से विभागवार एवं पदवार कितने पदों की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है व कितने लंबित हैं;

(ख) मांग-पत्र प्राप्त होने के बावजूद भी भर्ती प्रक्रिया आरंभ न होने वाले पदों की विभागवार संख्या का ब्यौरा कारणों सहित दें;

(ग) क्या वर्ष 2026 में राजस्व विभाग से पटवारी के पदों हेतु मांग-पत्र प्राप्त हुआ है; यदि हां, तो चयन प्रक्रिया की अद्यतन स्थिति व विलंब के कारणों सहित ब्यौरा दें;

(घ) गत तीन वर्षों में दिनांक 26.10.2026 तक शारीरिक शिक्षकों के पदों को तीन प्रतिशत खेल कोटे के तहत भरने हेतु कितने मांग-पत्र प्राप्त हुए ब्यौरा विभागवार तथा पदवार मांग-पत्रों की प्रतियों सहित दें; क्या खेल कोटे के तहत चयन, भर्ती एवं पदोन्नति नियमों के अनुसार हो रही है; यदि हां, तो मापदंड क्या हैं; और

(ङ) कितने पद ऐसे हैं जिन हेतु योग्य अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं हो पाए हैं; ब्यौरा विभागवार, संख्या व निर्धारित योग्यता सहित दें?

आबकारी नीति

2000 **श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक सरकार द्वारा आबकारी नीति के तहत कितनी आय अर्जित की गई व उक्त अवधि के दौरान शराब के ठेकों/एक्साइज यूनिटों की नीलामी/निविदा से सरकार को कितनी धनराशि प्राप्त हुई; वर्षवार ब्यौरा दें;

(ख) गत वित्तीय वर्ष में जिला कुल्लू में आबकारी नीति के तहत किए गए निविदा /नीलामी से सरकार को कितनी धनराशि अर्जित हुई व निर्धारित आरक्षित मूल्य एवं वास्तविक प्राप्त धनराशि कितनी रही; ब्यौरा दें;

(ग) उक्त आबकारी आय के संबंध में सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य की तुलना में वास्तविक प्राप्ति कितनी रही तथा कितनी धनराशि अभी तक वसूल की जानी शेष है; ब्यौरा दें;

(घ) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक प्रदेश के प्रत्येक जिले में आबकारी यूनिटों की नीलामी/ निविदा से कितनी धनराशि निर्धारित व अर्जित हुई; कितनी धनराशि वसूल की जा चुकी है तथा कितनी वसूल की जानी शेष है; वर्षवार एवं जिलावार ब्यौरा दें; और

(ङ) उपरोक्त अवधि में दिनांक 01.11.2026 तक प्रदेश के विभिन्न जिलों में आबकारी विभाग के तहत कितनी धनराशि बकाया के रूप में संचित हुई है; जिलावार ब्यौरा दें?

Vacancy Position

2001 Sh. Vinod Sultanpuri (Kasauli):

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) the school-wise list of functional Primary, Middle, High and Senior Secondary Schools in Kasauli Assembly Constituency along with school-wise and post-wise details of sanctioned strength and vacancy position of teaching/non-teaching posts as on 01.11.2026;

(b) school-wise details of posts/staff shifted and re-allocated under staff rationalization during the last three years upto 01.11.2026, the criteria adopted for remote/geographically dispersed areas and details of schools facing staff shortages despite adequate enrolment; and

(c) whether the Government proposes to fill all existing vacancies in all schools across the Kasauli Assembly Constituency; if so, by when?

BDO Offices Solan & Kasauli

2002 Sh. Vinod Sultanpuri (Kasauli):

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state :-

(a) the names, designations, employment categories (regular, contractual, outsourced), present date of joining, tenure served at the current station, previous place of posting and duration of service at that previous station for all officers/employees in BDO Solan & Kasauli;

(b) category-wise details of sanctioned, filled and vacant posts in both BDO offices alongside details of all transfers/postings into these offices during the last three years upto 01.11.2026; and

(c) whether any proposal is under consideration to fill existing vacancies or rationalize staff strength in above offices; if so, by when and details thereof ?

विद्युत दुर्घटनाएं

2003 डॉ0 जनक राज (भरमौर):

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक प्रदेश में विद्युत विभाग की कथित लापरवाही, रख-रखाव में कमी अथवा क्षतिग्रस्त विद्युत लाइनों एवं ट्रांसफार्मरों के कारण कितनी दुर्घटनाएं घटित हुईं तथा कितने व्यक्तियों की मृत्यु हुई एवं कितने घायल हुए; इनमें भरमौर एवं पांगी क्षेत्र की दुर्घटनाओं का ब्यौरा वर्षवार दें;

(ख) इन दुर्घटनाओं की जांच में कितने मामलों में विभागीय लापरवाही प्रमाणित हुई तथा कितने अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई; और

(ग) घायलों एवं मृतकों के परिजनों को कितना मुआवजा दिया गया तथा लंबित मामलों में मुआवजा देने की समय-सीमा क्या है?

भालुओं का आतंक

2004 डॉ0 जनक राज (भरमौर):

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक पांगी एवं भरमौर में भालुओं के हमलों की वर्षवार एवं क्षेत्रवार कितनी घटनाएं घटित हुईं व कितने लोग घायल अथवा मृत हुए; इन घटनाओं से प्रभावित लोगों को कितना मुआवजा दिया गया तथा कितने मामले लंबित हैं; और

(ख) भालुओं से बचाव हेतु कितने जागरूकता अभियान/कार्यक्रम, बचाव दल एवं त्वरित कार्रवाई दल गठित किए गए; प्रभावित गांवों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने तथा भालुओं के हमलों पर अंकुश लगाने हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है; ब्यौरा दें?

राजस्व प्राप्ति

2005 डॉ0 जनक राज (भरमौर):

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक प्रदेश में लगने वाले स्थानीय मेलों में अस्थायी दुकानों, स्टॉलों एवं अन्य व्यावसायिक गतिविधियों से पंचायतवार कितनी धनराशि वसूली गई;

(ख) इस धनराशि में से कितनी धनराशि सरकारी खजाने में जमा करवाई गई तथा कितनी पंचायतों अथवा मेला समितियों के पास शेष है; ब्यौरा पंचायतवार दें;

(ग) दुकानों की बोली, आबंटन, शुल्क निर्धारण एवं वसूली की प्रक्रिया क्या है तथा इसकी निगरानी कौन करता है; और

(घ) क्या राजस्व वसूली एवं जमा धनराशि का नियमित ऑडिट करवाया गया है; यदि हां, तो अनियमितताओं का ब्यौरा दें; यदि नहीं, तो कारण?

विकासात्मक कार्य

2006 श्री लोकेन्दर कुमार (आनी):

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत मुख्य मंत्री द्वारा कितने विकासात्मक कार्यों के शिलान्यास व उद्घाटन किए गए; ब्यौरा विभागवार एवं कार्यवार दें;

(ख) शिलान्यास किए गए कार्यों का नाम, स्थान, तिथि, स्वीकृत धनराशि, व्यय धनराशि तथा कार्यों की अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें और इनमें से कितने कार्यों का निर्माण दिनांक 01.11.2026 तक शुरू नहीं हुआ; ब्यौरा लंबित रहने के कारणों तथा पूर्ण होने की समय-सीमा सहित दें;

(ग) उद्घाटित कार्यों के शिलान्यास की तिथि, निर्माण आरंभ/पूर्ण होने की तिथि तथा कुल व्यय का कार्यवार ब्यौरा दें; और

(घ) क्या इन कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई है; यदि हां, तो जारी निर्देशों एवं समयबद्ध निर्माण हेतु उठाए गए पगों का ब्यौरा दें?

पाइपों की खरीद

2007 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक जल शक्ति विभाग द्वारा ½ इंच, 1 इंच, तथा 2 इंच व्यास की कितनी-कितनी पाइपें खरीदी गईं; ब्यौरा वर्ष एवं पाइपों के व्यासवार दें;

(ख) इन पाइपों की खरीद पर कितनी धनराशि व्यय की गई तथा इनकी खरीद किन माध्यमों से की गई; ब्यौरा दें; और

(ग) क्या यह सत्य है कि पाइपों की कमी के कारण बड़सर मंडल के अंतर्गत पेयजल योजनाओं की मरम्मत, नई पाइपलाइन बिछाने तथा पेयजल आपूर्ति बहाल करने के कार्य प्रभावित हुए हैं; यदि हां, तो बड़सर मंडल को पाइपें कब तक उपलब्ध करवा दी जाएंगी?

बोरवेल स्थापना

2008 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) विगत दो वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सिंचाई सुविधा हेतु कितने बागवानों ने आवेदन किए तथा कितने बोरवेल स्थापित किए गए; ब्यौरा दें; और

(ख) इस अवधि में कितने आवेदन स्वीकृत, कितने अस्वीकृत तथा कितने लंबित हैं; लंबित आवेदनों का निपटारा कब तक कर दिया जाएगा?

बोरवेल स्थापना

2009 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) विगत दो वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत बोरवेल स्थापित करने हेतु किसानों से कितने आवेदन प्राप्त हुए, कितने बोरवेल स्थापित किए गए; ब्यौरा दें; और

(ख) इस अवधि में कितने आवेदन स्वीकृत, अस्वीकृत व कितने लंबित हैं तथा लंबित आवेदनों का निपटारा कब तक कर दिया जाएगा?

सामान्य सुविधा केंद्र (सी0एस0सी0)

2010 **श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि पंचायती राज विभाग, हिमाचल प्रदेश द्वारा पत्र संख्या PCH-HC-RGSA/33/2022I/358967/2024 दिनांक 04.03.2024 तथा इसके बाद जारी पत्रों के माध्यम से ग्राम पंचायत भवनों में निर्मित सामान्य सुविधा केंद्र (CSC) में लोकमित्र/CSC संचालकों की Co-location करने के निर्देश जारी किए गए हैं; यदि हां, तो जारी आदेशों/ दिशा-निर्देशों की प्रति सभा पटल पर रखें;

(ख) ग्राम पंचायत भवन में बैठने हेतु किसी लोकमित्र/CSC संचालक का चयन किस नियम, नीति, पात्रता एवं मापदंड के आधार पर किया जा रहा है तथा चयन करने हेतु कौन-सा विभाग/अधिकारी/संस्था सक्षम है; ब्यौरा दें;

(ग) यदि किसी ग्राम पंचायत क्षेत्र में एक से अधिक CSC/लोकमित्र संचालक कार्यरत हों, तो पंचायत भवन में बैठने हेतु उनमें से एक संचालक का चयन किस आधार पर किया जाता है; क्या इसमें पुराने/पूर्व से कार्यरत लोकमित्र संचालक की वरिष्ठता, कार्य-अनुभव, पंचायत क्षेत्र में पूर्व से दी जा रही सेवाओं अथवा पंजीकरण की तिथि को कोई प्राथमिकता दी जाती है; यदि हां, तो संबंधित नियम/दिशा-निर्देशों की प्रति सभा पटल पर रखें;

(घ) ग्राम पंचायत भवनों में बैठाए गए लोकमित्र/CSC संचालकों हेतु सरकार द्वारा मासिक मानदेय, निश्चित पारिश्रमिक अथवा अन्य वित्तीय सहायता का क्या प्रावधान है उनके भुगतान का स्रोत तथा भुगतान की प्रक्रिया का ब्यौरा दें; यदि कोई मानदेय निर्धारित नहीं है, तो क्या सरकार भविष्य में इनके लिए मानदेय निर्धारित करने का विचार रखती है; और

(ङ) क्या सरकार लोकमित्र/CSC संचालकों हेतु कोई स्थायी एवं पारदर्शी नीति बनाने का विचार रखती है ताकि ग्राम पंचायत भवन में लोकमित्र संचालक का चयन मनमाने ढंग से न होकर पूर्व निर्धारित पात्रता, वरिष्ठता एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया के आधार पर किया जाए?

प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना

2011 श्री विपिन सिंह परमार (सुलह):

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक जिला कांगड़ा में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत कितने लाभार्थियों को मकान स्वीकृत किए गए तथा कितने मकानों का निर्माण पूर्ण किया गया; ब्यौरा विकास खण्डवार एवं वर्षवार दें; और

(ख) इस अवधि के दौरान सुलह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत भवारना एवं सुलह विकास खण्डों में कितने-कितने लाभार्थियों को मकान स्वीकृत किए गए, कितने मकान निर्माणाधीन हैं तथा कितने मकानों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है; वंचित पात्र परिवारों की संख्या एवं लंबित आवेदनों का ब्यौरा खण्डवार दें?

भर्तियां

2012 **श्री दीप राज (करसोग):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि दिनांक 29.10.2026 को जल शक्ति विभाग के शिलाई मण्डल में पम्प ऑपरेटर, पैरा फिटर एवं मल्टी टास्क वर्कर्ज हेतु भर्तियां की गई थीं; यदि हां, तो कितने अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था तथा कितनों को साक्षात्कार हेतु बुलाया गया था; और

(ख) किस मापदंड के आधार पर कितने लोगों व किन्हें साक्षात्कार हेतु बुलाया गया था; साक्षात्कार में बुलाए गए प्रत्येक अभ्यर्थी के कितने- कितने अंक थे; अभ्यर्थियों का ब्यौरा अंकतालिका सहित दें?

जिला परिषद कैडर

2013 **श्री दीप राज (करसोग):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जिला परिषद कैडर के पंचायत सचिवों को पंचायती राज विभाग में विलय कर नियमित सरकारी कर्मचारी का दर्जा न दिए जाने के क्या कारण हैं; क्या सरकार इनके विलय का विचार रखती है;

(ख) प्रदेश सरकार के अन्य सभी विभागों के कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ प्रदान किया जा चुका है, तो जिला परिषद कैडर के पंचायत सचिवों को इस लाभ से वंचित रखने के क्या कारण हैं; और

(ग) क्या सरकार जिला परिषद कैडर के इन कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

भूस्खलन / मृदा संरक्षण

2014 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बंजार):**

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बंजार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर भूस्खलन रोकने व मृदा संरक्षण हेतु विभाग द्वारा क्या-क्या कार्य किए गए व कौन-कौन सी नई योजनाएं स्वीकृत की गईं तथा कौन-सी विचाराधीन हैं; ब्यौरा दें?

राजस्व प्राप्ति

2015 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बंजार):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) कुल्लू तथा लाहौल और स्पिति जिलों में वन विभाग द्वारा किन-किन पर्यटन स्थलों से किन माध्यमों से राजस्व प्राप्त किया जा रहा है; और

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक निविदा आबंटन तथा सीधे तौर पर किन-किन पर्यटन स्थलों से वन विभाग द्वारा कितनी-कितनी धनराशि अर्जित की गई तथा विभाग द्वारा यह धनराशि कहां-कहां व्यय की गई; ब्यौरा वर्षवार दें?

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

2016 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बंजार):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चरण III व IV के तहत प्रदेश में कुल कितनी सड़कें स्वीकृत हुई हैं; सड़कवार कार्यों की अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें; इनका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

शिमला: 171004. **यशपाल शर्मा,**

15 नवम्बर, 2026. **सचिव**